दैनिक भारत कि

# तामीर

संपादक - काज़ी मकदूम शफीउद्दीन hinditameer@gmail.com

Editor in chief- Qazi makhdoom shafiuddin

बीड (महाराष्ट्र) | वर्ष-१ ला | अंक-३०० वा | रविवार १ जुन २०२५ | RNI TITLE CODE:MAHHIN11405/120/1/3/2024 | किमत : २ रूपये | पन्ने - ४

# राशन कार्ड धारकों को एक साथ तीन महीने का अनाज मिलेगा-जे. डी. शाह



**बीड, ३१ मई: बीड जिले में आम नागरिकों को बरसात के मौसम में खराब मौसम के कारण अनाज वितरण में कोई अड़चन न आए, इस उद्देश्य से केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत जून, जुलाई और अगस्त २०२५ के तीन महीनों का अनाज अग्रिम रूप से एक साथ वितरित करने की मंजूरी दी है। इस पृष्ठभूमि में जिले के सभी लाभार्थियों को ३० जून २०२५ तक अनाज वितरण पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।**

जिला प्रशासन ने इस योजना के तहत १,९७७ राशन दुकानदारों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए हैं। वरिष्ठ समाजसेवक जे. डी. शाह ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सभी आम नागरिकों से जागरूक रहकर अपने हक का तीन महीने का अनाज एक साथ प्राप्त करने की अपील की है।

प्रेस विज्ञप्ति में आगे बताया गया है कि आगामी बारिश के मौसम में अनाज की कोई कठिनाई न हो, इसीलिए तीन महीने का अनाज एक साथ वितरित किया जा रहा है। यह वितरण अभियान जून के पहले सप्ताह से शुरू कर दिया जाएगा, जिसमें जिले के सभी उचित मूल्य की दुकानों को अनाज वितरित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान दुकानदारों को सुबह ९ बजे से शाम ६ बजे तक दुकानें खुली रखने के साथ-साथ दुकान के बाहर स्पष्ट रूप से तीन महीने के अनाज वितरण की सूचना वाला बोर्ड लगाने का निर्देश भी दिया गया है।

अनाज वितरण के लिए ई-पॉस मशीन से बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य किया गया है। लाभार्थियों को हर महीने के लिए अलग-अलग अंगूठा सत्यापन करना होगा। जे. डी. शाह ने राशन कार्ड धारकों से अपील की है कि वे समय पर उपस्थित होकर तीन बार अंगूठा लगाकर हर महीने की अलग-अलग पावती प्राप्त करें और शासकीय दर पर अनाज प्राप्त करें।

## सात चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

बीड, ३१ मई (प्रतिनिधि):

जिले में बढ़ती बाइक चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के उद्देश्य से बीड की स्थानिक गुन्हे शाखा (ङउइ) ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से अंबाजोगाई, जालना और छत्रपति संभाजीनगर से चुराई गई कुल सात दोपहिया गाड़ियाँ बरामद की हैं। जब्त किए गए माल की कीमत लगभग ६ लाख रुपये आंकी गई है। यह कार्रवाई तळेगांव क्षेत्र में छापा मारकर की गई।

गुरुवार (३० मई) को स्थानीय अपराध शाखा को सूचना मिली थी कि अंबाजोगाई शहर से चुराई गई कुछ बाइकें तळेगांव गांव के एक घर में बिक्री के लिए रखी गई हैं और जल्द ही बेची जाने वाली हैं। इस सूचना के आधार पर पुलिस उपनिरीक्षक सिद्धेश्वर मुरकुटे के नेतृत्व में एक टीम ने तळेगांव में छापा मारा और आरोपी शेख इलियास शेख गफ्फार (उम्र २५ वर्ष, निवासी तळेगांव, तहसील व जिला बीड) को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने ये गाड़ियाँ अंबाजोगाई, जालना और छत्रपति संभाजीनगर से चुराई थीं। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान कुल सात बाइकें बरामद की हैं और आरोपी से अब तक कुल पाँच अपराधों का खुलासा हो चुका है। जब्त की गई गाड़ियों और अन्य सामग्री की कुल कीमत लगभग ६ लाख रुपये बताई जा रही है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक नवनित कांवत, अपर पुलिस अधीक्षक सचिन पांडकर एवं चेतना तिडके के मार्गदर्शन में स्थानीय गुन्हे शाखा के पुलिस निरीक्षक उस्मान शेख, पीएसआई सिद्धेश्वर मुरकुटे, पुलिस हवलदार भागवत शेलार, विकास राठौड़, दीपक खांडेकर, राहुल शिंदे, नितीन वडमारे, विक्की सुरवसे, सुनील राठौड़ और मच्छिंद्र बीडकर की टीम द्वारा की गई।

## पर्यावरण संरक्षण सभी की जिम्मेदारी है-मंत्री पंकजा मुंडे



मुंबई, ३१ मई (विशेष प्रतिनिधि):

देश के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते पर्यावरण का संरक्षण और संवर्धन करना, प्राकृतिक संसाधनों का उचित उपयोग कर प्रदूषण को कम करना, साथ ही वन्य जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की रक्षा करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। धार्मिक स्थलों के परिसर में पर्यावरण अनुकूल आदतों को बढ़ावा देना और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं हरित भविष्य की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा, ऐसा विश्वास पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन, पशुसंवर्धन मंत्री पंकजा मुंडे ने शनिवार को व्यक्त किया।

मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर परिसर में आयोजित एक जनजागृति कार्यक्रम में वे सिंगल यूज़ प्लास्टिक' के बहिष्कार और उस पर प्रतिबंध को लेकर बोल रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करें।

मंत्री मुंडे ने कहा कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक का दानव अब नियंत्रण से बाहर होता जा रहा है। इसके बढ़ते उपयोग से प्रदूषण की समस्या गहराती जा रही है। इसे पूरी तरह से रोकने के लिए संकल्प, संयम और ठोस कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार इस दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। प्लास्टिक कचरा प्रबंधन के लिए प्रभावी नीतियां और नियम लागू किए गए हैं। सिर्फ प्रतिबंध ही नहीं, जनता में जागरूकता फैलाने के लिए स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थलों पर अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के अंतर्गत मंत्री पंकजा मुंडे ने सिद्धिविनायक मंदिर परिसर में मौजूद दुकानदारों से प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल बंद करने की अपील की और स्वयं कपड़े के थैले वितरित कर नागरिकों को पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

## एमपीएल में बीड़ के पांच खिलाड़ियों का चयन, जिला क्रिकेट संघ की बड़ी उपलब्धि



बीड़, ३१ मई (प्रतिनिधि):

बीड़ जिला क्रिकेट असोसिएशन के लिए गर्व का क्षण उस समय आया जब जिले के पांच क्रिकेटरों का चयन प्रतिष्ठित महाराष्ट्र प्रीमियर लीग (एमपीएल) के लिए हुआ। चयनित खिलाड़ियों में सचिन धस (कोल्हापूर टस्कर्स), ऋषिकेश सोनवणे (पुणेरी बाप्पा), सौरभ नवले और देव नवले (सातारा वॉरियर्स), तथा समर्थ कदम (रत्नागिरी जेट्स) के नाम शामिल हैं।

यह चयन केवल इन खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि बीड़ जिला क्रिकेट संघ की पारदर्शी और गुणवत्ता आधारित चयन प्रक्रिया का भी प्रमाण है। अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्रों, ब्रांडेड सुविधाओं और बड़े वित्तीय सहयोग की कमी के बावजूद बीड़ के खिलाड़ी राज्य स्तर पर अपनी चमक बिखेर रहे हैं, जो जिले के लिए गौरव की बात है।

इस सफलता पर बीड़ जिला क्रिकेट असोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. भारतभूषण क्षीरसागर, कार्याध्यक्ष डॉ. योगेश क्षीरसागर, सचिव आमेर सलीम, और अन्य पदाधिकारियों महेश वाघमारे, राजन साळवी, इरफान कुरेशी, मनोज जोगदंड, जावेद पाशा, रिजवान खान, शेख आरेफ, अतीक कुरेशी, सुनील गोपी शेट्टी, गोपाल गुरखूदे, सरफराज मोमिन, अक्षय नरवडे, पठान शाहरुख आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं और बधाई दी।

## आज जलगांव में वक्फ कानून २०२५ के विरोध में महिलाओं की मानव श्रृंखला

### शिवाजी नगर रेलवे पुल पर शाम ४ से ५ बजे तक होगा शांतिपूर्ण प्रदर्शन

जलगांव,१ जून (अकिल ख़ान ब्यावली)

केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित वक्फ कानून २०२५ के विरोध में आज जलगांव में महिलाओं द्वारा मानव श्रृंखला का आयोजन किया जा रहा है. यह विरोध प्रदर्शन ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के मार्गदर्शन में वक्फ बचाओ समिति द्वारा शाम ४ से ५ बजे तक शिवाजी नगर रेलवे पुल पर आयोजित किया जाएगा.समिति का कहना है कि यह कानून देशभर की मस्जिदों, ईदगाहों, कब्रिस्तानों और खानकाहों जैसी वक्फ संपत्तियों को खतरे में डाल सकता है. प्रदर्शन के लिए महिला प्रतिभागियों की दो समूहों में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं और वॉलंटियर्स मार्गदर्शन करेंगे.

आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि बारिश या खराब मौसम की स्थिति में भी यह शांतिपूर्ण विरोध हर हाल में जारी रहेगा.

इस आयोजन में मुफ्ती खालिद, मौलाना उमर नदवी, डॉ. जावेद, फारुक शेख सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। समिति ने शहर और आस-पास की महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर वक्फ संपत्तियों की हिफाज़त के लिए एकजुट होने की अपील की है.यह विरोध प्रदर्शन सिर्फ कानूनी लड़ाई नहीं, बल्कि जनजागरण की भी एक मिसाल बनने जा रहा है.




उर्दू दैनिक तामीर के २५ वो साल में क़दम रखने पर एक और पेशकश

# संविधान बचाओ आंदोलन के लिए राष्ट्रपति से शांतिपूर्ण धरने की अनुमति और स्थान एवं सुरक्षा उपलब्ध करवाने की मांग- पीपल राइट्स विजिलेंस संगठन की पहल

जालना: संवाददाता

भारतीय संविधान की रक्षा और संवैधानिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार को लेकर एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाते हुए पीपल राइट्स विजिलेंस ऑर्गनाइजेशन ने भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर दो दिवसीय शांतिपूर्ण धरना या सार्वजनिक सभा के आयोजन की अनुमति और सुरक्षा प्रदान करने का अनुरोध किया है। यह कार्यक्रम जून २०२५ के दूसरे या तीसरे सप्ताह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है.

संगठन ने अपने पत्र में बताया कि यह शांतिपूर्ण और प्रतीकात्मक आंदोलन भारतीय संविधान के अनुच्छेद ५१-(मौलिक कर्तव्य) के अंतर्गत और अनुच्छेद १९(१)(ल) (शांतिपूर्ण सभा का अधिकार) के अंतर्गत नागरिकों के संवैधानिक जागरूकता और संवैधानिक अधिकारों की निश्चित रक्षा के लिए आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य संविधान में नागरिकों की आस्था को मजबूत करना, उच्च न्यायालयों सहित देश की न्यायपालिका में मध्यमवर्गीय नागरिकों को निष्पक्ष और समान न्याय दिलाना तथा भाषाई और आर्थिक आधार पर हो रहे कथित न्यायिक भेदभावों एवं अत्याचारों का विरोध करना है।

यह कार्यक्रम पूरी तरह लोकतांत्रिक और अनुशासित होगा। इसमें लगभग २५ से ३० नागरिकों के भाग लेने की संभावना है, जिनमें से ३ से ५ आयोजक होंगे। धरना सुबह ९ बजे से शाम ६ बजे तक चलेगा और प्रदर्शनकारियों को किसी प्रकार की नारेबाजी, भाषण या ध्वनि उपकरणों के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी। सभी प्रतिभागी मुँह और हाथों पर काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण विरोध दर्ज करेंगे, आंदोलन में केवल लिखित बैनर और पोस्टरों का उपयोग किया जाएगा और मीडिया से संवाद केवल आयोजकों द्वारा ही किया जाएगा।

संगठन ने धरने के लिए तीन संभावित स्थान सुझाए हैं-मुंबई स्थित बॉम्बे हाईकोर्ट के प्रधान पीठ का परिसर एवं औरंगाबाद खंडपीठ का परिसर, तथा जालना के जिलाधिकारी कार्यालय का परिसर। राष्ट्रपति को भेजे गए अनुरोध में कार्यक्रम की अनुमति कम से कम १५ से १८ दिन पूर्व प्रदान करने की मांग की गई है ताकि तैयारी के लिए समुचित समय मिल सके। साथ ही संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि वे प्रशासन या संवैधानिक संस्थानों द्वारा दी गई किसी भी शर्त या सुझाव को मान्य करेंगे।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि इससे पहले संगठन द्वारा सरकार और न्यायपालिका को कई बार निवेदन व शिकायतें भेजी जा चुकी हैं, लेकिन अपेक्षित न्याय नहीं मिल पाने के कारण अब यह अंतिम संवैधानिक उपाय-शांतिपूर्ण धरना-अपनाया जा रहा है। यह पूरी तरह संवैधानिक और लोकतांत्रिक सीमाओं के भीतर रहेगा।

इस पत्र की प्रतिलिपियाँ प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश, विधि एवं न्याय मंत्री, महाराष्ट्र के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, बॉम्बे हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और जालना जिलाधिकारी को भी भेजी गई हैं। संगठन के महासचिव श्री राकेश अग्रवाल ने कहा कि यह आंदोलन देश के आम और मध्यमवर्गीय नागरिकों की आवाज़ है, जो अपने संवैधानिक अधिकारों, न्याय और समानता की मांग कर रही है।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने पत्रकारिता की सीमाओं का विस्तार किया-ब्रिजेश सिंह

रत्नागिरी, ३१ मई (जिमाका): कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने पत्रकारिता की सीमाओं को विस्तार दिया है। यह बात सूचना एवं जनसंपर्क महासंचालनालय के प्रधान सचिव तथा महासंचालक ब्रिजेश सिंह ने कही।

कोकण विभागीय पत्रकारों की कार्यशाला में 'कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सोशल मीडिया और जिम्मेदार पत्रकारिता' विषय पर श्री सिंह ने मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि मोबाइल के कारण पत्रकारिता में बड़ा बदलाव आया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग पत्रकारिता में लाभकारी है, जिससे कार्यो में सहजता आई है। उन्होंने बताया कि एक साथ नौ भाषाओं में लाइव भाषण का अनुवाद संभव है। साथ ही, सोशल मीडिया में कृत्रिम बुद्धिमत्ता का अत्यधिक उपयोग, इसके फायदे और नुकसान के बारे में भी उन्होंने मार्गदर्शन किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि सत्य आपके पास है, लेकिन एआई को यह नहीं पता कि सत्य क्या है।

श्री सिंह ने बताया कि वे स्वयं एक पत्रकार परिवार से हैं। उनके पिता मान्यता प्राप्त पत्रकार थे। उन्होंने कहा, शासन ने मुझे उसी विभाग में काम करने का अवसर दिया, इसके लिए मैं शासन का आभारी हूँ।

कार्यशाला में उपस्थित पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के श्री सिंह ने खुले मन से जवाब दिए।

# पाक के लिए ८ महीने से जासूसी कर रहा था देशद्रोही रवी वर्मा, ATS की सघन पूछताछ जारी

मुंबई, ३१ मई (जमीर काज़ी):

पाकिस्तान के लिए पिछले ८ महीनों से संवेदनशील रक्षा जानकारी भेजने वाला ठाणे निवासी रवीकुमार वर्मा देशद्रोही गतिविधियों में लिप्त पाया गया है। आतंकवाद विरोधी पथक (-ढड) द्वारा दो दिनों से की जा रही पूछताछ में यह चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है कि वह नौसेना से जुड़ी गोपनीय जानकारियां पाकिस्तान को भेज रहा था।

हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की पाकिस्तान से कथित सांठगांठ के मामले के बाद अब ठाणे के कलवा इलाके में रहने वाला रवी वर्मा भी जांच एजेंसियों के निशाने पर आ गया है। रवीकुमार भारतीय नौसेना के डॉकयार्ड में जूनियर मैकेनिकल इंजीनियर के रूप में आउटसोर्सिंग के जरिए कार्यरत था।

-ढड ने रवीकुमार वर्मा को गिरफ्तार कर नागपाड़ा स्थित एटीएस मुख्यालय में पूछताछ के लिए रखा है। जांच एजेंसियों के सूत्रों के अनुसार, रवी विशाखापट्टनम के विजाग में तैनाती के दौरान प्रीति' नामक महिला के संपर्क में आया था। अक्टूबर २०२४ से रवी और प्रीति जयसवाल नामक महिला के बीच संवाद शुरू हुआ।

रवीकुमार को नौसेना परिसर में मोबाइल ले जाने की अनुमति थी क्योंकि उसका कार्य वीडियो कॉल्स पर आधारित था। इसी का फायदा उठाकर उसने नौसेना के १४ महत्वपूर्ण युद्धपोतों की तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्ड कर पाकिस्तान की एक महिला एजेंट को भेजे।

बताया गया है कि नवंबर २०२४ से रवी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों द्वारा संचालित फेसबुक खातों 'पायल शर्मा' और 'इस्प्रित' के संपर्क में था। इन खातों से उसे जंगी जहाजों और अन्य गोपनीय परियोजनाओं की जानकारी देने के लिए कहा गया था। हनी ट्रैप' में फंसा रवी बार-बार इन खातों पर संवेदनशील सूचनाएं भेजता रहा।

अब एटीएस यह भी जांच कर रही है कि क्या रवीकुमार वर्मा के साथ इस देशविरोधी गतिविधि में और भी कोई शामिल था।

# घोड़बंदर-भायंदर बोगदा प्रोजेक्ट में ३,००० करोड़ का भ्रष्टाचार-कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ का आरोप

मुंबई, ३१ मई (जमीर काज़ी):

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ ने शनिवार को एक बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि घोड़बंदर-भायंदर बोगदा और उन्नत मार्ग परियोजना में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। उनका दावा है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस परियोजना में ३,००० करोड़ रुपये की रिश्वत ली है। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में भाजपा सरकार को कड़ी फटकार लगाई है, जिससे सरकार को यह निविदा रद्द करनी पड़ी।

नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए सपकाळ ने कहा कि परियोजना की निविदा तकनीकी कारणों का हवाला देकर एक अन्य कंपनी की बोली रद्द कर, 'मेघा इंफ्रास्ट्रक्चर' नामक कंपनी को दी गई। यह कंपनी किसकी है और इसके पीछे क्या रहस्य हैं, यह अब सामने आ चुका है। उन्होंने कहा कि यह मामला सिर्फ निविदा रद्द होने का नहीं बल्कि एक बड़े भ्रष्टाचार का है।



उन्होंने आगे आरोप लगाया कि राज्य सरकार में एक भ्रष्टाचार का नेटवर्क बनाया गया है जिसमें एमएमआरडीए, म्हाडा, सिडको और एसआरए जैसी संस्थाएं एक चक्र का हिस्सा हैं। एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के बाद यह 'भ्रष्टाचार सर्कल' और मजबूत हुआ है। खास अधिकारियों की नियुक्ति कर चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। यह सिर्फ एक परियोजना तक सीमित नहीं है, बल्कि समृद्धि महामार्ग, पुणे रिंग रोड, विरार-अलीबाग कॉरिडोर और शक्तिपीठ महामार्ग जैसे बड़े प्रोजेक्ट भी इसमें शामिल हैं।

सपकाळ ने आरोप लगाया कि सत्ता से संपत्ति और संपत्ति से सत्ता का दुष्चक्र चल रहा है और ठाणे-मुंबई समेत राज्य की महानगरपालिकाओं में प्रशासक राज के नाम पर यह रैकेट चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह घोटाला करीब १ लाख करोड़ रुपये तक का हो सकता है और इसकी न्यायिक जांच की मांग की। शिंदे की शिवसेना ने मराठी अस्मिता को बासन में लपेट दिया परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सपकाळ ने कहा कि वह भाजपा का एजेंडा चला रहे हैं, जिसका उद्देश्य मराठी को खत्म कर हिंदी और हिंदू राष्ट्र को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि जब एकनाथ शिंदे सुरत के रास्ते गुवाहाटी भागे, तभी से इस पार्टी ने मराठी अस्मिता को बासन में बांधकर रख दिया है। उन्होंने कहा कि हिंदी की जबरदस्ती के खिलाफ सबसे पहले कांग्रेस ने आवाज उठाई थी, उसके बाद अन्य दलों ने वही रुख अपनाया, लेकिन अब तक उस पर कोई सरकारी आदेश नहीं आया है।

कोकाटे हैं ढेकळ्या मंत्री, नहीं कृषिमंत्री कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे के कृषि मंत्रालय ओसाड़ गांव की पाटीलकी है वाले बयान पर तीखा हमला करते हुए सपकाळ ने कहा कि अब समय आ गया है कि उन्हें मंत्री न कहकर 'वाचालवीर' कहा जाए। उन्होंने पहले किसानों की तुलना भिखारियों से की और अब जो कहा उसका अर्थ है कि खेती छोड़कर उद्योगपतियों की गुलामी करो। इसलिए वे कृषिमंत्री नहीं बल्कि ढेकळ्या मंत्री' हैं, ऐसा तंज सपकाळ ने कसा।

# 'हिंदी अब मुंबई की बोलचाल की भाषा बन गई है': प्रताप सरनाईक के बयान से विवाद

जमीर काजी, मुंबई, ३१ मई २०२५

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के भैय्याजी जोशी ने कुछ दिन पहले घाटकोपर में एक कार्यक्रम के दौरान यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया था कि मुंबई में रहने के लिए मराठी सीखना जरूरी नहीं है। इस विवाद के ठंडा होने के बाद अब महायुति सरकार के प्रमुख मंत्री प्रताप सरनाईक ने एक कदम आगे बढ़ाते हुए कहा है कि हिंदी अब मुंबई की बोलचाल की भाषा बन गई है और यह हमारी प्यारी बहन बन गई है। इस बयान ने एक बार फिर मराठी-हिंदी भाषा के मुद्दे को राज्य की सियासत में चर्चा का विषय बना दिया है।

मीरा-भायंदर में एक कार्यक्रम के दौरान सरनाईक ने यह बयान दिया। उन्होंने कहा, हिंदी अब मुंबई की बोलचाल की भाषा बन गई है। हम मराठी को मातृभाषा कहते हैं, लेकिन हमारे मुंह से कभी हिंदी निकलती है, कभी अंग्रेजी। इसलिए हिंदी अब बोलचाल की भाषा बन गई है। ठाणे और मीरा-भायंदर मेरा निर्वाचन क्षेत्र है। जनता से बात करते समय मैं शुद्ध मराठी में बोलता हूं, लेकिन जब मीरा-भायंदर जाता हूं, तो अपने आप मुंह से हिंदी निकल जाती है। हम कहते हैं कि मराठी हमारी मातृभाषा है, हमारी मां है, लेकिन हिंदी हमारी प्यारी बहन है। क्योंकि प्यारी बहनों की वजह से हम आज २३७ से भी आगे निकल गए हैं।

इस बयान से मराठी भाषी लोगों में नाराजगी फैल गई है और सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। विपक्ष ने भी सरनाईक पर जमकर निशाना साधा है। शिवसेना (उद्धव ठाकरे) समूह के नेता और सांसद संजय राउत ने कहा, मराठी माणूस के कल्याण के लिए बाला साहेब ठाकरे ने शिवसेना की स्थापना की थी। और अब यही लोग कहते हैं कि वे बाला साहेब के वारिस हैं। उनके नेताओं से पूछें कि क्या मराठी के संदर्भ में यही आपकी मुख्य भूमिका है? उनका जो विचार है, वह बीजेपी का विचार है, वह अमित शाह का विचार है। उनके पक्ष के मुख्य नेता अमित शाह हैं। इसलिए जो वे बोलते हैं, वही ये लोग बोलते हैं।मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष और सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा, मुंबई पर पहला हक मराठी माणूस का है और यह हमेशा रहेगा।

मनसे के यशवंत किल्लेदार ने कहा, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को अपने मंत्रियों को काबू में रखना चाहिए। वोटों की खातिर मराठी और मुंबई को गिरवी रखना हमें मंजूर नहीं है। मनसे मराठी माणूस के लिए लड़ती रहेगी।

# वर्ल्ड चैंपियनशिप टाइटल ब्राजील के लिए एम.एम.ए.फाइटर शेख रबी अहमद का चयन

बीड़ (संवाददाता)

बीड़ के सात नेशनल एमएमए मेडल विजेता शेख रबी अहमद का चयन दक्षिण अमेरिका के सबसे बड़े देश ब्राजील के साओ पाउलो शहर में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय एमएमए चैंपियनशिप २०२५ के लिए किया गया है। हालांकि, आर्थिक समस्याओं के कारण इस विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने का उनका सपना अधूरा रह सकता है। गौरतलब है कि वह बीड़ के पहले मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स फाइटर हैं जिन्हें दक्षिण अमेरिका में वैश्विक प्रतियोगिताओं के लिए आमंत्रित किया गया है और टूर्नामेंट में शामिल किया गया है। सैयद आतिफ सर बीड फाइट क्लब ने रबी अहमद की प्राथमिक ट्रेनिंग में बड़ा योगदान दिया।

ये विश्व मुकाबले १६ जून २०२५ से शुरू हो रहे हैं। २१ अप्रैल २०२५




को शेख रबी अहमद को मिले ऋच्चच- और -खचच- के आधिकारिक पत्र के अनुसार, शेख रबी अहमद को दक्षिण अफ्रीका के साओ पाउलो में होने वाले विश्व चैंपियनशिप टूर्नामेंट २०२५ के लिए आमंत्रित किया गया था। वह लाइटवेट ५२ किलोग्राम कैटेगरी में वैश्विक मैच के लिए नासिक में आयोजित क्वालिफाइंग मैच में योग्य पाए गए थे।

ब्राजील आने-जाने के खर्च और वीजा प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक बड़े बजट की कमी के कारण, दक्षिण अमेरिका के साओ पाउलो, ब्राजील जाने के लिए आवश्यक राशि बहुत ज़्यादा थी। पहली दो किस्तें जमा न कर पाने के कारण वह अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप से वंचित रह गए हैं। वह बीड़ के पहले एमएमए फाइटर हैं जिन्हें विश्व एमएमए चैंपियनशिप के लिए टीम में शामिल किया गया था।

# गोपीनाथ मुंडे स्मृति दिन पर गोपीनाथगढ़ में भव्य तैयारियां, ३ जून को होंगे विविध जनहित कार्यक्रम

परळी वैजनाथ, ३१ मई:

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी लोकनेता गोपीनाथराव मुंडे की पुण्यतिथि के अवसर पर ३ जून को गोपीनाथगढ़ में विविध जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गोपीनाथ मुंडे प्रतिष्ठान की ओर से यह आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए तैयारियां ज़ोरों पर हैं। राज्य भर से आने वाले मुंडे प्रेमी इस दिन गोपीनाथगढ़ पहुंचकर अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।



इस कार्यक्रम में राज्य की पर्यावरण व पशुसंवर्धन मंत्री पंकजा मुंडे, पूर्व सांसद डॉ. प्रीतम मुंडे, मुंडे परिवार के सदस्य एवं राज्यभर के कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

स्मृति दिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर, वाहन चालकों की स्वास्थ्य जांच, पशु संवर्धन शिविर, जानवरों को दवाओं का वितरण और पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण जैसे विभिन्न सामाजिक उपक्रम आयोजित किए जाएंगे। ३ जून को दोपहर १२ बजे से २ बजे तक प्रसिद्ध कीर्तनकार रामायणाचार्य ह.भ.प रामराव महाराज ढोक का संगीतमय कीर्तन और उसके पश्चात महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। बारिश की संभावना को देखते हुए १२०ह्न२०० फीट का वॉटरप्रूफ पंडाल तैयार किया जा रहा है और उपक्रमों के लिए स्टॉल और काउंटर लगाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और महाप्रसाद की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। गोपीनाथ मुंडे प्रतिष्ठान ने सभी नागरिकों से इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# भारत ने मानी पाकिस्तान के साथ संघर्ष में लड़ाकू विमान नष्ट होने की बात, सीडीएस अनिल चौहान का बड़ा बयान

नई दिल्ली, ३१ मई (आर.के. न्यूज):

भारत ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि मई महीने में पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष के दौरान उसके कुछ लड़ाकू विमान नष्ट हुए थे। भारतीय सशस्त्र बलों के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि यह संघर्ष कभी भी परमाणु युद्ध के मुहाने तक नहीं पहुंचा।

सीडीएस चौहान ने सिंगापुर में 'शांगरी-ला डायलॉग' में भाग लेते हुए ब्लूमबर्ग टीवी को दिए एक साक्षात्कार में कहा, महत्वपूर्ण यह नहीं है कि कितने विमान नष्ट हुए, बल्कि यह है कि वे क्यों नष्ट हुए। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने अपनी रणनीतिक गलतियों से सीख लेकर दो दिन के भीतर फिर से सभी विमानों को उड़ान भरने और लंबी दूरी के लक्ष्यों पर हमला करने की क्षमता बहाल कर ली।

यह बयान ऐसे समय पर आया है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भोपाल में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत के सैन्य इतिहास का सबसे सफल ऑपरेशन है। हालांकि, इससे पहले तक सरकार ने किसी भी मंच पर यह स्वीकार नहीं किया था कि भारत को लड़ाकू विमान का नुकसान हुआ है।

पाकिस्तान पहले ही दावा कर चुका है कि उसने भारत के छह राफेल लड़ाकू विमान गिराए, जिसे सीडीएस चौहान ने बिल्कुल गलत करार दिया। हालांकि, उन्होंने यह बताने से इनकार कर दिया कि भारत ने वास्तव में कितने विमान खोए। उन्होंने कहा, संख्या महत्वपूर्ण नहीं है, यह समझना ज़रूरी है कि क्या गलतियां हुईं और हम उनसे क्या सीख सकते हैं।

गौरतलब है कि यह बयान भारत सरकार या सेना की ओर से ७ मई को पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष के दौरान विमानों की स्थिति पर अब तक की सबसे स्पष्ट टिप्पणी मानी जा रही है। इस दौरान विदेश मंत्रालय की ब्रीफिंग में यह बताया गया था कि हमारे सभी पायलट सुरक्षित लौट आए। नुकसान महत्वपूर्ण नहीं है।

इससे पहले इस महीने की शुरुआत में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दावा किया था कि पाकिस्तान ने छह भारतीय लड़ाकू विमान मार गिराए हैं, लेकिन इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी थी और भारत सरकार ने इस पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की थी।

ज्ञात हो कि यह संघर्ष भारत और पाकिस्तान के बीच पिछले पांच दशकों का सबसे गंभीर सैन्य टकराव माना जा रहा है, जिसमें हवाई हमले, ड्रोन और मिसाइल हमलों के साथ-साथ सीमाओं पर तोपखाने और छोटे हथियारों से भीषण गोलीबारी हुई थी। इसकी शुरुआत २२ अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले से हुई थी, जिसमें २६ भारतीय नागरिकों की हत्या कर दी गई थी। भारत ने इस हमले के लिए पाकिस्तान समर्थित आतंकियों को जिम्मेदार ठहराया, जबकि पाकिस्तान ने इससे इनकार किया था।

दैनिक भारत की तामीर अखबार के मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक काजी मखदूम शफीउद्दीन ने आरएम प्रिंटरर्स, बार्शी रोड, बीड 431122 महाराष्ट्र में मुद्रित कर के दैनिक तामीर, नगर परिषद परिसर, बशीर गंज, बीड, महाराष्ट्र कार्यालय से प्रकाशित किया है। मोबाइल : 9270574444 ईमेल : hinditameer@gmail.com वेबसाइट : www.dailytameer.com

daily Bharat ki tameer newspaper owner printer publisher editor Quazi makhdoom shafiuddin has printed at RM printers barshi road beed 431122 Maharashtra at published at office daily tameer nagar parishad complex Bashir gunj beed Maharashtra. Mobile : 9270574444 Email : hinditameer@gmail.com Website : www.dailytameer.com